# रिवालसर में स्वच्छता रैली निकाली




रैली निकालने के बाद स्काउट एंड गाइड।

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में मंगलवार को रोवर रेंजर इकाई द्वारा भारत स्काउट एंड गाइड स्थापना दिवस/झंडा दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रेंजर लीडर प्रो. अंजलि परमार और रोवर लीडर प्रो. कुलदीप कुमार ने ग्रुप लीडर महाविद्यालय प्राचार्य केसी कश्यप को फ्लैग स्टिकर लगाकर और स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान महाविद्यालय से रिवालसर बाजा... स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इसके साथ स्वयंसेवकों ने रिवालसर और झील के किनारे पड़े प्लास्टिक के कूड़े को उठाकर थैलों में डालकर ... साइट में एकत्रित किया। इस स्थापना दिवस और स्वच्छता अभियान कार्यक्र... सफल बनाने में डॉ. दीपक गौतम, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. ओपी ठाकुर, प्रो. य... गैर शिक्षक वर्ग के साथ रोवर रेंजर इकाई के स्वयंसेवकों ने भूमिका निभा...

## न्यूज ब्रीफ

### तरुणा ने लगाई सबसे सुंदर मेहंदी



मेहंदी प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी व स्टाफ।

**नेरचौक।** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में सांस्कृतिक समिति की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समिति संयोजक प्रो. अंजलि परमार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में तरुण प्रथम, वर्षा द्वितीय व दीपा शर्मा तथा अनु कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डा. केसी कश्यप ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रो. दीपक गौतम, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. ओपी ठाकुर, डॉ. ब्रजनंदन, डॉ. यादविंद्र कुमार, प्रो. कुलदीप कुमार तथा लाइब्रेरियन खेम चंद मौजूद रहे।

हिमाचल अब तक

हिमाचल अब तक

Mail:- Himachalabtak07@gmail.com YouTube:-https://youtube.com/@HimachalAbTak

## रोवर रेंजर इकाई रिवालसर द्वारा भारत स्काउट एंड गाइड का 74 वां स्थापना दिवस मनाया गया






मंडी रिवालसर अजय सूर्या :- राजकीय डिग्री महाविद्यालय रिवालसर में आज दिनांक 7 नवम्बर 2023 को रोवर रेंजर इकाई द्वारा भारत स्काउट एंड गाइड स्थापना दिवस/झंडा दिवस को बड़े धूम-धाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर रेंजर लीडर प्रो. अंजलि परमार और रोवर लीडर प्रो. कुलदीप कुमार ने ग्रुप लीडर महाविद्यालय के प्राचार्य आदरणीय के. सी. कश्यप जी को फलैग स्टिकर लगाकर और स्कार्फ पहनाकर सम्मानित किया । इसके साथ रोवर लीडर और रेंजर लीडर ने रोवर रेंजर इकाई के स्वयंसेवकों को स्काउटिंग के बारे और झंडा फहराने की प्रक्रिया की सामान्य जानकारी प्रदान की । तत्पश्चात् महाविद्यालय से रिवालसर बाज़ार तक स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई । इसके साथ स्वयंसेवकों ने रिवालसर बाज़ार और झील के किनारे पड़े प्लास्टिक के कूड़े को उठाकर थैलों में डालकर डंपिंग साइट में एकत्रित किया गया।महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय ने कहा कि इस रैली का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-मानस को जागृत करना ताकि हर एक छात्र और जनता अपने घर, गाँव, प्रदेश, देश और पूरे विश्व को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित हो सकें । इस स्थापना दिवस और स्वच्छता अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. दीपक गौतम, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. ओ.पी. ठाकुर, प्रो. यश पाल, ग़ैर शिक्षक वर्ग के साथ रोवर रेंजर इकाई के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# पोस्टर मेकिंग में पूजा शर्मा ने मारी वाजी




इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब रिवालसर के कार्यकर्ता रैली निकालते हुए • जागरण

**नेरचौक :** राजकीय महाविद्यालय रिवालसर में इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब, रोवर रेंजर इकाई और एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में मतदान जागरूकता अभियान व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की पूजा शर्मा पहले, प्रथम वर्ष की दीपिका दूसरे तथा द्वितीय वर्ष की मीनू कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। इलेक्ट्रोल लिट्रेसी क्लब के संयोजक डा. ओपी ठाकुर ने छात्रों को वोट के अधिकार और महत्व के बारे में जागरूक किया। छात्रों ने भी पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से महाविद्यालय के 18 वर्ष से अधिक छात्रों को वोटर कार्ड बनाने के लिए और मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद रिवालसर बाजार में रैली निकाली गई। (सहयोगी)

# रिवालसर कालेज के 3 रोवर्स निपुण टैस्टिंग परीक्षा में चमके

रिवालसर ( नि.स. ): रिवालसर कालेज के 3 रोवर्स ने पहली बार भाग लेकर निपुण टैस्टिंग की परीक्षा उत्तीर्ण की है। महाविद्यालय रिवालसर के रोवर स्काऊट लीडर कुलदीप कुमार जो इस कैंप में बतौर ट्रेनिंग स्टाफ कार्य कर रहे हैं, ने बताया कि उनके कालेज के रोवर्स अरुण शर्मा, रितिक ठाकुर और दिनेश कुमार ने इस परीक्षा को पास करके रिवालसर कालेज का मान बढ़ाया है। बता दें कि 25 से 30 सितम्बर तक भारत स्काऊट्स एंड गाइड्स हिमाचल प्रदेश द्वारा राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर में प्रदेशभर के लगभग 250 रोवर्स के लिए निपुण टैस्टिंग कैंप एवं राज्य पुरस्कार टैस्टिंग कैंप का आयोजन किया गया था।



रिवालसर : निपुण टैस्टिंग परीक्षा में भाग लेने वाले रोवर्स। (नि.स.)

